तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज
	10/5/18 बमुलाहजा [illegible] साहब [illegible] [illegible] दिनांक 11/5/18 को पेश हो। [signature]
1080/camp 3/5/18	पत्रावली [illegible] पक्षकारान उपस्थित [illegible] नहीं होने के कारण [illegible] पत्रावली दिनांक 16.5.18 [illegible]
17/5/18	पत्रावली पेश की गई [illegible] हुई। पक्षकार उपस्थित [illegible] किया [illegible] नहीं चाहते। बहस सुनी गई। पत्रावली का अवलोकन किया गया [illegible] किया गया [illegible] वादी डिग्री किया जाता है। [illegible] न निर्णय पृथक से [illegible] किया गया। पत्रावली फैसल हुआ होकर [illegible] हो जाना। [signature] SDO

Scanned by CamScanner

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी कठूमर (अलवर)

पीठासीन अधिकारी श्री कनिष्क सैनी आर ए एस

राजस्व वाद संख्या 1/129/17

वउनवान

1. जगन्नाथ पुत्र बिहारी जाति ब्राहमण निवासी भोजपुरा
   तहसील कठूमर जिला अलवर

-----वादी

बनाम

1. घीसा पुत्र प्रेमसुख जाति ब्राहमण निवासी भोजपुरा
2. रामफल पुत्र घीसा जाति ब्राहमण निवासी भोजपुरा
   तहसील कठूमर जिला अलवर

-----प्रतिवादीगण

दावा हुक्मइन्तनाई दवामी

उपस्थित :— श्री राधावल्लभ शर्मा एडवोकेट — वकील वादीगण

निर्णय **दिनांक : 17.05.2018**

वादीगण द्वारा प्रस्तुत वाद पत्र के संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार से है कि आराजी खसरा नम्बर 618/805 रकबा 0.30 है0 ग्राम भोजपुरा तहसील कठूमर में स्थित है। वादी विवादित आराजी में काबिज रहकर काश्त करता चला आ रहा है। प्रतिवादीगण ने वादीगण को खुलेआम धमकी दी है कि वे विवादित आराजी पर शांतिपूर्वक काश्त करने नहीं देंगे, उपयोग एवं उपभोग करने नहीं देंगे। अतः वादीगण ने दावा डिकी कर विवादित आराजी में प्रतिवादीगण को किसी किस्म की रूकावट एवं मजाहमत पैदा ना करे, खेत की उत्तरी डौल को तोडकर उक्त आराजी की जमीन को अपने खेत में मिलाकर जबरन बेदखल कब्जा ना करें।

दावा वादी दर्ज रजिस्टर किया जाकर प्रतिवादीगण को जरिये सम्मन तलब किया गया।

वादी ने अपने वाद पत्र के साथ जमाबन्दी संवत 2069-2072 पेश की है जो शामिल पत्रावली है।

पत्रावली लोक अदालत कोर्ट कैम्प में पेश हुई। वकील वादी उपस्थित हुए। पत्रावली का अवलोकन किया। बहस सुनी गयी। विद्वान अधिवक्ता वादी ने अपनी बहस के दौरान मुख्य रूप से अपने दावा के तथ्यों को

Scanned by CamScanner

दोहराया व कथन किया कि विवादित आराजी वादीगण की तन्हा कब्जे काश्त की आराजी है जिस पर तन्हा वादीगण काबिज रहकर काश्त करते चले आ रहे हैं तथा विवादित आराजी से प्रतिवादीगण का किसी किस्म का सम्बन्ध व सरोकर नहीं है।

पत्रावली का अवलोकन किया एवं बहस पर मनन किया। मुताबिक जमाबंदी संवत 2069—2072 वाके ग्राम हनीपुर खाता संख्या 11 पर विवादित आराजी वादीगण की खातेदारी आराजी दर्ज है जिस पर प्रतिवादीगण का अधिकार नहीं है। वाद वादी साबित होने से दावा वादीगण डिकी किये जाने योग्य पाया जाता है।

आदेश

दावा वादीगण डिकी किया जाकर वादीगण की खातेदारी आराजी खसरा नम्बर नम्बर 618/805 रकबा 0.30 है0 ग्राम भोजपुरा तहसील कठूमर पर वादीगण के कब्जे काश्त में प्रतिवादी दखलअंदाजी नहीं करे। प्रतिवादीगण को स्थाई निषेधाज्ञा से पाबन्द किया जाता है कि वो वादीगण के कब्जे काश्त में मजाहमत पैदा ना करें, खेत की उत्तरी डौल को तोडकर उक्त आराजी की जमीन को अपने खेत में मिलाकर जबरन बेदखल कब्जा ना करें। तदनुसार पर्चा डिकी जारी हो। पत्रावली फैसल सुमार होकर नम्बर से कम होकर बाद तकमील दाखिल दफतर हो।

(कनिष्क सैनी)
उपखण्ड अधिकारी कठूमर

आज दिनांक 17.05.2018 को यह निर्णय मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(कनिष्क सैनी)
उपखण्ड अधिकारी कठूमर

Scanned by CamScanner

पर्चा डिकी

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी कठूमर (अलवर)

पीठासीन अधिकारी श्री कनिष्क सैनी आर ए एस

राजस्व वाद संख्या 1/129/17

वउनवान

1. जगन्नाथ पुत्र विहारी जाति ब्राहमण निवासी भोजपुरा
   तहसील कठूमर जिला अलवर

----वादी

बनाम

1 घीसा पुत्र प्रेमसुख जाति ब्राहमण निवासी भोजपुरा
2. रामफल पुत्र घीसा जाति ब्राहमण निवासी भोजपुरा
   तहसील कठूमर जिला अलवर

-----प्रतिवादीगण

दावा हुक्मइन्तनाई दवामी

दावा वादीगण डिकी किया जाकर वादीगण की खातेदारी आराजी खसरा नम्बर नम्बर 618/805 रकबा 0.30 है0 ग्राम भोजपुरा तहसील कठूमर पर वादीगण के कब्जे काश्त में प्रतिवादी दखलअंदाजी नहीं करे। प्रतिवादीगण को स्थाई निषेधाज्ञा से पाबन्द किया जाता है कि वो वादीगण के कब्जे काश्त में मजाहमत पैदा ना करें, खेत की उत्तरी डौल को तोडकर उक्त आराजी की जमीन को अपने खेत में मिलाकर जबरन बेदखल कब्जा ना करें। पत्रावली फैसल सुमार होकर नम्बर से कम होकर वाद तकमील दाखिल दफतर हो।

आज दिनांक 17.05.2018 को यह पर्चा डिकी मेरे हस्ताक्षर वो मुहर अदालत जारी की गई।

(कनिष्क सैनी)
उपखण्ड अधिकारी कठूमर

Scanned by CamScanner